## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–31 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आज से शुरू होगा संसद का बजट सत्र। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को करेंगी सम्बोधित।
- महाकुंभ हादसे की न्यायिक जांच शुरू। आज प्रयागराज जायेगी तीन सदस्यीय न्यायिक टीम।
- बसंत पंचमी पर महाकुंभ में नहीं होगा वीआईपी मुवमेंट। मेला क्षेत्र में चार फरवरी तक वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध।
- अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये भाजपा नेता व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और सपा सांसद डिम्पल यादव ने प्रत्याशियों के पक्ष में किया चुनाव प्रचार।
- प्रदेश में हुयी दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में छः लोगों की मौत, सात घायल।

**********

संसद का बजट सत्र आज से शुरू होगा। सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। बैठक के दौरान सरकार ने सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की। मीडिया से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

***साल का पहला पार्लियामेंट सेसन है तो इसका शुरूआत देश का महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा सम्बोधित करेंगे। राष्ट्रपति जी का अभिभाषण के बाद कॉनमिक सर्वे होंगे, 31 जनवरी को, फिर एक फरवरी को 2025 का बजट पेश किया जाएगा।***

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के साथ ही बजट पर भी चर्चा होगी, जो तेरह फरवरी तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि संसद में पहले से ही सोलह विधेयक और उन्नीस संसदीय कार्य सूचीबद्ध हैं।

**********

महाकुंभ में उन्तीस जनवरी को तड़के हुई दुखद घटना में तीस लोगों के मौत के मामले में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने कल जांच शुरू कर दी। आयोग आज प्रयागराज के संगम घाट का दौरा करेगा। सरकार के निर्देशानुसार आयोग घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेगा तथा एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। आयोग भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उपाय भी सुझाएगा। तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का नेतृत्व इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हर्ष कुमार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जांच प्रारंभ हो गई है।

***पहला चरण आप लोगों के सामने है प्रारंभ हो गया। स्थलीय निरीक्षण करेंगे। वहां की परिस्थितियों का कारणों को अध्ययन करेंगे। इस बात पे समीक्षा करेंगे कि ऐसी पुनरावृत्ति आगे न हो पाए।***

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने कल महाकुंभ के संगम घाट का दौरा किया और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल पहुंच कर हादसे में घायल लोगों के इलाज के बारे में जानकारी ली।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घायलों के इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

***छत्तीस लोग घायल हैं जो यहां पर भर्ती है और अलग अलग तरह की इंजरी है। मेडिकल डिपार्टमेंट के प्रमुख सचिव साहब भी हम लोगों के साथ हैं और डॉक्टर को यहां पर समझाया गया है। सबका बहुत अच्छे से इलाज हो रहा है और उनके साथ जो तीमारदार है उनके लिए भी यहां पे पूरी व्यवस्था बनाई गई है। जो भी व्यवस्था है इलाज की और बाकी चीजें वो हम लोग सरकार की तरफ से इसको उठाया जाएगा।***

उधर, मेला प्रशासन ने बसंत पंचमी स्नान की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को और भी बेहतर बनाया जा रहा है। प्रयागराज के डीआईजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने बताया कि बसंत पंचमी में भी वीआईपी मूवमेंट की अनुमति नहीं होगी।

***आगामी बसंत पंचमी का जो मुख्य स्नान पर्व है उसके लिए हम लोग तैयारी कर रहे हैं और अगेन पूरा हमारा जो पिलग्रिम मूमेंट है उसकी तैयारी कर रहे हैं। हम लोगों ने निर्देशों के क्रम में यह डिसाइड किया हुआ है कि जैसे उन्तीस तारीख को कोई वीआईपी मूवमेंट अलाऊ नहीं था, इसी प्रकार तीन तारीख को भी कोई वीआईपी मूवमेंट अलाऊ नहीं होगा।***

इस बीच, प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार मंदर ने प्रयागराज में वाहनों के प्रवेश के प्रतिबंध संबंधी भ्रमक सूचना का खंडन किया है। एक वीडियो संदेश में श्री मंदर ने कहा है कि आज, कल और चार फरवरी को कोई मार्ग परिवर्तन नहीं होगा। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी पर अमृत स्नान के कारण प्रयागराज में केवल दो और तीन फरवरी को वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

प्रयागराज जिले के अपर पुलिस अधीक्षक यातायात अंशुमान मिश्रा ने कल बताया कि महाकुंभ मेला क्षेत्र में नो व्हीकल जोन की व्यवस्था चार फरवरी तक जारी रहेगी। इस दौरान केवल आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को ही मेला क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति होगी।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी है। कल शाम तक करीब एक करोड़ पंचानबे लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। इसके साथ ही महाकुंभ में स्नान करने वालों का आंकड़ा अब सत्ताइस करोड़ अट्ठावन लाख पहुंच गया है।

संगमघाट पर हुए हादसे के बाद सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किये हैं। एक रिपोर्ट मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राज्य सरकार ने दो हजार उन्नीस कुंभ के दौरान प्रयागराज के मंडलायुक्त रहे आशीष गोयल और इलाहाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भानु गोस्वामी को महाकुंभ में तैनात किया है। इसके अलावा मेले की व्यवस्थाओं में सहायता के लिए विशेष सचिव स्तर के पांच अधिकारियों को बारह फरवरी तक के लिये प्रयागराज भेजा गया है। महाकुंभ में बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की भी तैनाती की जा रही है।

इस बीच, बड़ी संख्या में महाकुंभ से रोजाना लौट रहे श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भी पहुंच रहे हैं। बीते चार दिनों में लगभग पैंसठ लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर चुके हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए श्री राम मंदिर में दर्शन का समय बढ़ाकर लगभग अट्ठारह घण्टे कर दिया गया है। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में की श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है।

**********

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कल लखनऊ में आयोजित श्रद्धांजलि, पुष्पांजलि एवं भजन संध्या कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। उन्होंने मां भारती की सेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर बलिदानियों की पावन स्मृति में दीपदान किया। श्री योगी ने राष्ट्रपिता के साथ ही सभी ज्ञात–अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके स्मृतियों को नमन किया।

**********

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार जारी है। भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कल भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मिल्कीपुर में दो जनसभाएं कीं। श्री पाठक ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भारतीय जनतापार्टी प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेगी। वहीं समाजवादी पार्टी की नेता और सांसद डिंपल यादव ने भी कल मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा और रोड शो कर सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव का नतीजा देश और प्रदेश के लिए संदेश बनेगा। इस सीट के लिये पांच फरवरी को मतदान और आठ फरवरी को मतगणना होगी।

**********

प्रदेश के अलग–अलग जिलों में कल हुयी दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में छः लोगों की मौत हो गयी जबकि सात लोग घायल हो गये। जौनपुर जिले के मुंगरा बादशाहपुर थानाक्षेत्र के सतहरिया में कल तड़के एक कार और बस की टक्कर में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गये। वहीं, फर्रूखाबाद के मोहम्मदाबाद क्षेत्र में कल सुबह हुयी दो ट्रकों के आमने–सामने की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये।

**********

सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को कल बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में उच्च न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्हें उनके आवास से प्रेस कांफ्रेंस करते समय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस सांसद के खिलाफ सत्रह जनवरी को सीतापुर के शहर कोतवाली थाने में बलात्कार, आपराधिक धमकी और बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी।

**********